
# सोनौरा में तैयार होने जा रहा है अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम

## स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की एबीडी योजना के अंतर्गत 24 करोड़ की लागत से दिसंबर तक तैयार हो सकेगा स्टेडियम

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अगस्त. शहर के लिए एक बड़ी खुशखबरी यह है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत एरिया बेस्ड डेवलप्मेंट (एबीडी) योजना के अंतर्गत सोनौरा में लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम दिसंबर 2025 तक शहरवासियों को समर्पित होने जा रहा है। यह स्टेडियम न केवल शहर की खेल सुविधाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा, बल्कि स्थानीय युवाओं और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं भी प्रदान करेगा।**



स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बनने वाला यह इंडोर स्टेडियम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्विमिंग पूल होगा, जो तैराकी के शौकीनों और पेशेवर खिलाडियों के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगा। इसके अलावा, स्टेडियम में जूडो, कराटे, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, लॉन टेनिस और स्क्वैश टेनिस जैसी इंडोर खेल गतिविधियों के लिए विशेष कोर्ट और सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ये सुविधाएं न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण का अवसर प्रदान करेंगी, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए भी सतना को एक नया केंद्र बनाएंगी। इस स्टेडियम के निर्माण से सतना के युवाओं को खेलों में अपनी प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर मिलेगा। स्थानीय खिलाड़ी अब बिना बड़े शहरों का रुख किए अपने शहर में ही विश्वस्तरीय सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। यह स्टेडियम न केवल खेलों को बढ़ावा देगा, बल्कि शहर में खेल संस्कृति को भी मजबूत करेगा। इसके अतिरिक्त, यह परियोजना स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा कर सकती है, क्योंकि स्टेडियम के संचालन और रखरखाव के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता होगी।

### स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का हिस्सा

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सतना में कई विकास कार्य किए जा रहे हैं, और यह इंडोर स्टेडियम उनमें से एक महत्वपूर्ण परियोजना है। सांसद गणेश सिंह ने हाल ही में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया था, जिसमें इस स्टेडियम का निर्माण भी शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि परियोजना की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।

### दिसंबर- 2025 तक होगा पूरा

यदि निर्माण कार्य में कोई देरी नहीं हुई, तो यह स्टेडियम दिसंबर 2025 तक पूर्ण होकर जनता के लिए खोल दिया जाएगा। स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि परियोजना तय समय पर पूरी करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। स्टेडियम के निर्माण में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, ताकि यह लंबे समय तक शहर की शान बना रहे।

# कुएं में उतराता मिला युवती का शव

## गुरुवार से थी लापता

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अगस्त. जिले के सभापुर थाना क्षेत्र के पडुहरा गांव में एक 19 वर्षीय युवती का शव कुएं में तैरता हुआ मिला है। युवती गुरुवार शाम से लापता थी।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, देवेंद्र पाठक की बेटी प्रांशी पाठक गुरुवार शाम से घर से गायब थी। परिजनों ने उसे आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजा। शुक्रवार सुबह परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। इसी बीच ग्रामीणों को गांव के बाहर खेत में स्थित एक कुएं में युवती का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिरसिंहपुर उप स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है।

### घटना की जांच जारी

फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी शंखधर द्विवेदी ने बताया कि परिजनों के बयान के बाद ही यह पता चल पाएगा कि यह घटना एक हादसा है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है। मामले की सभी एंगल से जांच जारी है।

# रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर जाम से हांफा शहर

- नजर नहीं आई ट्रैफिक पुलिस, लोग होते रहे परेशान

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अगस्त.रक्षाबंधन के एक दिन पहले सतना शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई, जिससे शहरवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। खरीदारी करने के लिए निकले लोग जिस ओर भी गए वहां पर उन्हें जाम की समस्या से दो चार होना पड़ा। वहीं अधिकांश महत्वपूर्ण स्थानों पर यातायात अमले की गैरमौजूदगी के चलते जाम की समस्या में कोढ़ में खाज बनती नजर आने लगी।**



शहर की प्रमुख सडकों, विशेष रूप से रीवा रोड, पानीलाल चौक, लालता चौक, जगत देव तालाब रोड, खेरमाई रोड, बस स्टैंड, महेश्वरी स्वीट्स के पास, जयस्तंभ चौक, स्टेशन रोड और अस्पताल चौक सहित अन्य मार्गों पर भीषण जाम की स्थिति बन गई। इस दौरान यातायात पुलिस की अनुपस्थिति ने न केवल आम लोगों की मुश्किलें बढ़ाई, बल्कि ट्रैफिक प्रबंधन की खामियों को भी उजागर कर दिया।रक्षाबंधन की तैयारियों के चलते सतना शहर में खरीदारी के लिए लोगों की भारी भीड़ सड?ों पर उमड़ पड़ी। रीवा रोड, जिसे शहर की लाइफलाइन माना जाता है, पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पानीलाल चौक और बस स्टैंड जैसे व्यस्त इलाकों में स्थिति और भी बदतर थी, जहां वाहन रेंगते नजर आए। जयस्तंभ चौक और महेश्वरी स्वीट्स के आसपास भी भीड़ और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम की स्थिति बनी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जाम घंटों तक बना रहा, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हुई।

### यातायात पुलिस की अनुपस्थिति ने बढ़ाई मुश्किलें

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज्यादा निराशा यातायात पुलिस की अनुपस्थिति को लेकर रही। प्रमुख चौराहों और सडकों पर ट्रैफिक पुलिस का कोई कर्मचारी नजर नहीं आया, जिसके कारण वाहनों का प्रबंधन पूरी तरह अनियंत्रित हो गया। शहरवासियों ने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही के चलते जाम की स्थिति और बिगड़ गई।



# मैहर में दो स्थानों पर पकड़ी गई 134 लीटर शराब

नवभारत न्यूज

**सतना 8 अगस्त. मैहर जिले में कोतवाली और अमरपाटन थाना पुलिस ने नशे के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 134 लीटर अवैध शराब जब्त कर ली. इस मामले में पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने के साथ ही घटना में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया है.**

कोतवाली थाना मैहर प्रभारी अनिमेष द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि एक युवक द्वारा अपनी मोटरसाइकिल पर अवैध शराब लोड की जा रही है. जिसे बेचने के लिए ले जाया जाने वाला है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दे दी. युवक को उसके घर की चहरदिवारी के अंदर से ही दबोच लिया गया. जांच किए जाने पर वहां दो बोरियां पाइ गईं. जिन्हें खोलकर देखने पर उसमें शराब भरी मिली. एक बोरी में 99 पाव जबकि दूसरी बोरी में 297 पाव शराब भरी हुई थी. इस लिहाज से कुल 71 लीटर शराब जब्त कर ली गई. जिसकी कीमत 32 हजार 670 रु आंकी गई. इसी कड़ी में आरोपी युवक अंकुर उर्फ अंकुल पटेल पिता राजेंद्र उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम धूतरा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 2 के अंतर्गत कार्रवाई की गई. इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त आरोपी की बाइक को भी जब्त कर लिया गया.

### झाल फेंककर भागा आरोपी



अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ताला-मुकुंदपुर से अमरपाटन की ओर आने वाले रास्ते पर जांच की जा रही थी. इसी दौरान बाइक सवार दो लोग पुलिस को देखते ही भागने लगे. जिनका पीछा किए जाने पर पीछे बैठे व्यक्ति ने अपने पास लिए हुए झाल को नीचे फेंक दिया और वहां से भाग निकला. वहीं पुलिस टीम ने बाइक चालक को पकड़ लिया. जांच किंए जाने पर झाल में 7 पेटी कार्टून में 350 शीशी शराब पाई गई. कुल 63 ली. शराब की कीमत 24 हजार 500 रु आंकी गई.

# बैंकिंग कार्य प्रणाली की लापरवाही, उपभोक्ताओं के लिए खतरे की घंटी

## जिसे होना था भुगतान उसी की खाते से निकल गई राशि

नवभारत न्यूज

**सतना 8 अगस्त. बैंकिंग कार्य प्रणाली की लापरवाह कार्यशैली कभी भी किसी ग्राहक के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकती है. इसकी एक बानगी उस वक्त देखने को मिली जब भुगतान प्राप्त करने वाले संस्थान के खाते से राशि निकलकर उल्टा भुगतान देने वाले संस्थान के खाते में पहुंच गई.**

हलांकि यह गड़बड़ी सामने आने पर दोनों ही संस्थानों द्वारा कड़ी आपत्ति जताए जाने के चलते बैंक प्रबंधन ने अपनी गलती मानते हुए उसे दुरुस्त कर लिया. लेकिन बिना किसी अधिकार पत्र अथवा सूचना के खाते से राशि निकल जाने की घटना सामने आने पर लोगों के बीच अपनी जमा पूंजी को लेकर चिंता सताने लगी है.

मामला शहर के राजेंद्र नगर क्षेत्र में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की पर्सनल बैंकिंग शाखा का है. उक्त शाखा में महाप्रबंधक म.प्र. जल निगम मर्यादित पीआईयू सतना का खाता संचालित है. इसी संस्थान द्वारा रीवा रोड पर स्थित एक संस्थान को 6 हजार रु का भुगतान किया जाना था. जिसके लिए जल निगम कार्यालय द्वारा 5 अगस्त को बाकायदा पत्र जारी किया गया था. पर्सनल बैंकिंग ब्रांच एसबीआई के मैनेजर के नाम संबोधित पत्र में इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि जल निगम के खाते से 6 हजार की राशि को निकालकर उसे रीवा रोड स्थित संस्थान के खाते में जमा करा दिया जाए. लेकिन बैंक कर्मियों की लापरवाह कार्यशैली का नतीजा यह हुआ कि 6 हजार की राशि 6 हजार रु का राशि को रीवा रोड स्थित संस्थान से निकालकर उसे उल्टा जल निगम के खाते में डाल दिया गया. रीवा रोड स्थित संस्थान के कर्मचारियों को जब इस बारे में जानकारी मिली तो उनके होश उड़ गए. लिहाजा आनन-फानन में वे जल निगम के जिम्मेदार कर्मचारी को साथ लेकर बैंक पहुंच गए. जहां पर बैंक प्रबंधन की गड़बड़ी स्पष्ट सामने आने के बावजूद भी उसे दुरुस्त करने में 4 घंटे का समय लग गया. हलांकि 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रीवा रोड स्थित संस्थान के खाते में राशि वापस आ गई.

### ओटीपी तक नहीं आया

रीवा रोड स्थित संस्थान के कर्मचारियों ने पूरे घटनाक्रम पर हैरानी जताते हुए बताया कि उनके खाते से कोई भी निकासी बिना ओटीपी सत्यापन के नहीं होती है. लेकिन इस मामले में उनके पास कोई ओटीपी नहीं पहुंचा और 6 हजार की राशि उनके खाते से निकल गई. यह तो गनीमत रही कि यह गड़बड़ी पकड़ में आ गई. लेकिन उन्हें इस बात की चिंता सता रही है कि बैंकिंग कार्य प्रणाली की लापरवाही किसी दिन उनके अथवा किसी अन्य ग्राहक के लिए भारी न पड़ जाए.

# व्यापार मेला की तैयारी ने पकड़ा जोर, कलेक्टर ने किया मेला ग्राउण्ड का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अगस्त. विन्ध्य चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा 19 दिसंबर 2025 से 29 दिसम्बर 2025 तक आयोजित किए जाने वाले विन्ध्य व्यापार मेला 2025 की तैयारीयां जोर पकड़ रही हैं।**

चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया की विंध्य क्षेत्र के लोगों में इस व्यापार मेला का बेसब्री से इंतजार रहता है और यह मेंला पूरे प्रदेश में अपना विशिष्ट स्थान प्राप्त कर चुका है। इसीलिए इस मेला को और भी बेहतर ढंग से सजाने संवारने के लिए विंध्य चैंबर की पूरी टीम कृत संकल्पित है इसी तारताम्य में आज सतना कलेक्टर श्री सतीश एस एवं नगर निगम कमिश्नर श्री शेर सिंह मीणा ने बीटीआई ग्राउंड का अवलोकन किया इस अवसर पर विंध्य चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश सुखेजा, महामंत्री संदीप कुमार जैन एवं मेले के तकनीकी संयोजक उत्तम बनर्जी द्वारा कलेक्टर महोदय को मेले के बारे में विस्तार से बताया एवं उनसे चाहे गए अपेक्षित सहयोग को भी बताया।कलेक्टर महोदय ने सभी बातों को सुनने के पश्चात् चेंबर की प्रशंसा करते हुए अपेक्षित सहयोग को पूरा करने की बात कही।

इस अवसर पर कलेक्टर सतीश कुमार एस चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी,महामंत्री संदीप कुमार जैन, मंत्री हरिओम गुप्ता,सहमंत्री कमल पुरुस्वानी, मेले के तकनीकी संयोजक उत्तम बनर्जी, उमेश प्रताप सिंह, हीरामन जायसवाल, संजय शाह,रामप्रताप कुशवाहा,बब्बल आवतवानी,रोहित अग्रवाल(लोहा), विनोद गुप्ता, विकास सुखेजा, कालू पुरुस्वानी, अनिल मोटवानी, केशव मखीजा,अमित भावनानी,राजेंद्र अग्रवाल,विनोद गेलानी, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### रक्षाबंधन का पर्व बोनान्ज़ा की छात्राओं ने ननि में मनाया

सतना। बोनान्ज़ा का0 हा0 से0 स्कूल की 70 से अधिक छात्राओं ने नगर निगम पहुँचकर कर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। इस पुनीत अवसर पर छात्राओं ने महापौर योग्रेश ताम्रकार, नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, कमिश्नर शेर सिंह मीना, वरिष्ठ आयुक्त व पूरे स्टॉफ को राखी बाँधकर, तिलक लगाकर इस पावन पर्व को मनाया, साथ ही समस्त स्टॉफ को मिठाई व चॉकलेट खिलाकर मुँह मीठा कराया। बोनान्ज़ा की छात्राओं द्वारा नगर निगम अधिकारियों को स्मृतिचिन्ह देकर उन्हें सम्मानित से नवाज़ा गया। छात्राओं के साथ हेडमिस्ट्रेस नित्या दुबे, भूमिका कोटवानी, स्नेहलता मिश्रा, प्रकांक्षा दत्ता व प्रेरणा अग्निहोत्री उपस्थित रही। साथ ही साथ विद्यालय में भी राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य रश्मि श्रीवास्त व अन्य शिक्षिकाओं के निर्देशन एवं डायरेक्टर दिलीप अरोरा चेयरपर्सन गौरव अरोरा की उपस्थिति में आयोजित किया गया। रक्षाबंधन का यह पर्व भाई बहन के स्नेह, विश्वास एवं सौहार्द का संदेश देते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### सार्थक अस्पताल में होगा कैशलेस इलाज

**सतना.** विंध्य अंचल के प्रतिष्ठित सार्थक अस्पताल में अब कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के मरीजों को भी कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराएगा. कर्मचारी राज्य बीमा सेवा संचालनालय भोपाल ने इस आशय का आदेश जारी किया है. सम्बद्ध जन पह्ले कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) के बिरला रोड स्थित अस्पताल जाकर प्रकरण सार्थक अस्पताल के लिये रेफर कराकर इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं. उल्लेखनीय है कि सार्थक अस्पताल पूर्व में प्रधान मंत्री की आयुष्मान योजना के लिये भी सूचीबद्ध किया जा चुका है.

### सतना योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सतना.** विश्व योग दिवस महोत्सव की तरह आगे भी शासन ,प्रशासन योग के डिग्री धारी शिक्षकों से उत्साह पूर्वक योग के क्षेत्र में सहयोग व अवसर देकर उनका मनोबल बढ़ाएं. सतना सतना योगासन स्पोर्ट्स के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिवारी संरक्षक डा. हर्षवर्धन श्रीवास्तव द्वारा कलेक्टर महोदय को ज्ञापन द्वारा कहा गया की योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा योग का प्रचार प्रसार जागरुकता व नियमित योग कक्षाएं संचालित कराए जाएं सतना योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन जिले में योग के क्षेत्र में प्रगतिशील संस्था है, हमारे द्वारा जिला सहित ब्लॉक व ग्राम स्तरीय योग प्रतियोगिताओं का प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है, इस वर्ष भी यह आयोजन एकेएस. विश्वविद्यालय में 5 अगस्त को संपादित हुआ, जिसमें जिले के अनेक स्कूलों सहित विश्वविद्यालय स्तर के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया है, हम सतत योग के प्रति जागरूकता का कार्य करते आ रहे हैं।



# बिरला ने 6 गांवों के किसानों को बांटे फलदार पौधे

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अगस्त. बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड - यूनिट सतना ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कदम लिया है।**



यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देता है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र एवं सामाजिक विकास को भी मजबूती देता है। कार्यक्रम के तहत कुल 600 फलदार वृक्षों का वितरण (सीएसआर) कार्यक्षेत्र के 6 गावों में किसानों को किया जाएगा। इस अभियान का नेतृत्व संयत्र के यूनिट हेड श्री कौशल मिश्रा द्वारा किया जा रहा है जो यह मानते हैं कि संयत्र की प्रगति के साथ-साथ इसके आसपास के गांवों का समग्र विकास भी आवश्यक है।

## माधवगढ़ में भंडारा आज



**सतना, 8 अगस्त.** माधवगढ़ किले के पीछे स्थित अतुलितबलधामा मंदिर में हर वर्ष मानस पाठ और भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। आज 8 अगस्त को मानस पाठ का शुभारंभ हो चुका है। 9 अगस्त को भंडारा का आयोजन किया गया है. अपील करने वालों में पुष्पेन्द्र सिंह, श्रीकांत पांडे, अंजनी त्रिपाठी, नयन सिंह, डॉ डीके तिवारी, प्रमोद तिवारी शामिल हैं.



## सेनानी उत्तराधिकारी परिवार ने ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अगस्त. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद उत्तराधिकारी परिवार समिति जिला सतना के तत्वाधान में भारत छोड़ो आंदोलन की 83 वर्षगांठ के अवसर पर अमर शहीद पार्क सिविल लाइन सतना में माल्यार्पण शहीद स्थल से रैली के रूप में चलकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा माल्यार्पण कर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन को अधिकार पत्र सोपा गया.**

जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारियों को असम सरकार की भांति सम्मान निधि दी जाए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं अमर शहीदों के नाम शासकीय भवनों स्कूलों रोड तथा अनेक संस्थाओं का नामकरण किया जाए नगर निगम वह ग्राम पंचायत में मनोनियां में सेनानी परिवार उत्तराधिकारियों का किया जाए.

कार्यक्रम में संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष ममता पांडे जी प्रदेश महासचिव अरुण प्रताप सिंह राकेश मिश्रा जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह रोहित कांत सिंह अभय प्रताप सिंह हीरालाल पांडे राम दुबे कृष्ण सिंह विश्वनाथ सोनी प्रमोद द्विवेदी उमेश प्यासी राम कीर्ति शुक्ला गिरिजा प्रसाद द्विवेदी कुसुम द्विवेदी राकेश द्विवेदी अरुण मिश्रा चुन्नीलाल रितेश गौतम चूड़ामणि सिंह गॉड बिठू लाल पांडे लाल गंद गया प्रसाद शर्मा राजीव लोचन द्विवेदी योगेंद्र प्रताप सिंह श्री प्रकाश गौतम आदि लोग उपस्थित रहे

# महापौर योगेश को नई दिल्ली में मिला संस्कृत भूषण सम्मान

- प्रतिष्ठित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया ने किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 अगस्त. नई दिल्ली के प्रतिष्ठित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में रामायण रिसर्च काउंसिल द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में सतना के महापौर योगेश कुमार ताम्रकार को संस्कृत भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।**



यह सम्मान उन्हें संस्कृत भाषा के संवर्धन, प्रचार-प्रसार और महापौर पद की शपथ संस्कृत में लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए प्रदान किया गया। इस उपलब्धि ने न केवल सतना शहर का मान बढ़ाया, बल्कि भारतीय संस्कृति और हिंदुत्व के प्रति उनकी निष्ठा को भी रेखांकित किया। समारोह में देशभर से आए विद्वानों, संस्कृत प्रेमियों और गणमान्य व्यक्तियों ने महापौर ताम्रकार के योगदान की सराहना की। उनके नेतृत्व में सतना न केवल विकास के पथ पर अग्रसर है, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है। संस्कृत में शपथ लेकर उन्होंने युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुडने् और हिंदी, अंग्रेजी व संस्कृत के समन्वय के साथ आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया है। महापौर योगेश ताम्रकार की यह उपलब्धि सतना के लिए गर्व का क्षण है।